देवी अहिल्या विश्वविद्यालय, इन्दौर

DET - 2019

<u>प्रेस–विज्ञप्ति</u>

इन्दौर, 20 दिसम्बर 2019। Ph.D. एवं M.Phil. की संयुक्त प्रवेश परीक्षा दिनांक 22.12.2019 दिन रविवार को प्रात: 11 बजे से 1 बजे के बीच आयोजित की जाएगी | इस प्रवेश परीक्षा के लिए विश्वविद्यालय के तक्षशिला परिसर, खंडवा रोड पर कुल 22 परीक्षा केंद्र बनाये गए है | 47 विषयों के लिए कुल 4406 परीक्षार्थी सम्मिलित होंगे | परीक्षार्थियों को परीक्षा केंद्र पर प्रात: 10 बजे रिपोर्ट करना होगा| ये परीक्षा ऑफलाइन होगी एवं नेगेटिव मार्किंग नहीं होगी | परीक्षार्थी को प्रवेश पत्र के अतिरिक्त फोटो पहचान पत्र के रूप में वोटर कार्ड, ड्राइविंग लाइसेंस, आधार कार्ड, पैन कार्ड अथवा पासपोर्ट में से किसी एक को लाना अनिवार्य होगा |

परीक्षा केंद्र में विज्ञान, इंजीनियरिंग विज्ञान एवं अभियांत्रिकी के परीक्षार्थियों को साई टिफिक्कैलकुलेटर साथ रखने की अनुमति रहेगी तथा शेष परीक्षार्थियों के लिए सामान्य कैलकुलेटर की अनुमति रहेगी | इसके अतिरिक्त अन्य कोई वस्तु जैसे मोबाइल फ़ोन, घड़ी आदि साथ रखने की अनुमति नहीं है | ओएमआर शीट में उत्तरों का अंकन नीले अथवा काले बॉलपेन द्वारा ही किया जा सकता है | पेंसिल का उपयोग पूर्णत: वर्जित है| प्रश्नपत्र कुल 100 अंको का होगा | 50 अंको का प्रथम भाग रिसर्च मेथोडोलॉजी पर आधारित होगा एवं 50 अंको का द्वितीय भाग सम्बंधित विषय पर आधारित होगा | परीक्षा में न्यूनतम उत्तीर्ण अंक 50 होंगे | एस. सी. एवं एस. टी. वर्ग के परीक्षार्थियों लिए 5 प्रतिशत अंको की शिथिलता रहेगी | DET परीक्षा का परिणाम जनवरी 2020 के प्रथम सप्ताह में घोषित किया जायेगा |

डॉ. चन्दन गुप्ता
मीडिया प्रभारी